प्रदेश में होगा आपदा प्रबंधन पर विश्व कॉन्ग्रेस का आयोजन

चर्चा में क्यों?

17 जून, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि छठवें वैश्विक सम्मेलन 'आपदा प्रबंधन पर छठवीं विश्व कॉन्ग्रेस' का आयोजन देहरादून में 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने इस छठवें वैश्विक सम्मेलन की विवरणिका का विमोचन भी किया।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड में होने वाली इस आपदा प्रबंधन कॉन्ग्रेस का विषय **'STRENGTHENING CLIMATE ACTION & DISASTER RESILIENCE'** है। इस विश्व कॉन्ग्रेस में आपदा प्रबंधन के लिये नवाचार, सहयोग एवं संचार पर प्रमुखता से चिंतन एवं मंथन होगा।
- इसके अलावा पर्वतीय पारिस्थितिकी एवं संचार पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। वैश्विक स्तर पर होने वाली इस कार्यशाला से उत्तराखंड को नई पहचान मिलेगी।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि आपदा न्यूनीकरण कैसे किया जाए, यह हिमालयी राज्यों की बड़ी ज़रूरत है। सम्मेलन में विशेषज्ञों की ओर से आपदा न्यूनीकरण, जन-धन की हानि कैसे कम-से-कम हो और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रयोग पर गहनता से विचार-विमर्श किया जाएगा।
- कई कारणों से नदियाँ जब रास्ता बदलती हैं, तो इससे भी काफी जन-धन की हानि होती है। इस पर भी सम्मेलन में विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-congress-on-disaster-management